हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 23 जनवरी 2024
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 विधायक खंडेलवाल ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना



09 जेवरों की शुद्धीकरण के नाम पर 8 लाख 50...



### लाइव प्रसारण के माध्यम से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए जिले के नागरिक

# भगवान रामलला के दर्शन कर अलौकिक आनंद में डूबे लोग, रामकीर्तन की धुन से गुंजायमान हुआ नर्मदांचल

22 जनवरी का सूरज नई आभा लेकर आया। अयोध्या में बने भव्य मंदिर में भगवान रामलला विराजमान हुए। इस रामोत्सव में पूरे देश के साथ नर्मदापुरम जिला भी राममय हो गया। सुबह से ही नर्मदांचल की गली गली में रामकीर्तन की धुन और जय सियाराम के जयकारे सुनाएं दे रहे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में चौक चौराहे आकर्षक लाइटिंग के साथ केसरिया ध्वज से पटे नजर आए। जिले के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। जिससे उनकी दिव्यता और बड़ी दिखाई दे रही थी। जिले भर में कलश यात्राएं निकाली गई। मंदिरों में विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से अखंड रामायण ,सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ के साथ भोजन प्रसादी का भी वितरण किया गया। कलेक्टर सोनिया मीना के दिशा निर्देशन में सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही। अयोध्या में आयोजित भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के माध्यम से जिले भर में नागरिकों ने दर्शन किया। जैसे ही भगवान श्रीराम के दर्शन हुए वैसे ही जय श्रीराम के जयकारे से नर्मदांचल गुंजायमान हो उठा। भगवान श्रीराम के दर्शन कर नागरिक भावविभोर होने के साथ अलौकिक आनंद में डूबे नजर आए। जिले के पावन सेठानी घाट, सतरस्ता चौक काली मंदिर, ग्वालटोली स्थित काली मंदिर सहित के जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। रामलला की प्राणप्रतिष्ठा को जिले में दीपोत्सव के रूप में मनाया गया। घर घर दीपक जलाएं गए।भगवान राम की आकृति की रांगोली उकेरी गई। घरों में अनेक प्रकार के पकवान बनाए गए।

## घर आंगन में रंगोली बनाई

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बड़ी संख्या में घरों के सामने आंगन में तथा चौक-चौराहों पर रंगाली बनाई गई। महिलाएं रंगोली उसी तन्मयता के साथ बना रही थी जैसी दीपावली के अवसर पर बनाती हैं। अनेक बालिकाओं ने रंगोली में श्री राम और सीता की आकृति बनाई तो किसी ने जय श्री राम रगोंली से अंकित किया। सभी जगह उल्लास का वातावरण था।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह देखा

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा विधि पूर्वक सम्पन्न कराने के साथ ही गांव-गांव तथा नगरों में टेलीवजीन सैट तथा एलईडी में देख रहे बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा जय श्री राम को उदघोष से पूरा वातावरण राम मय हो गया। सभी एलईडी पर अपलक श्री रामलला की प्रतिमा को निहारते दिखे। अनेक लोग हाथ में जय श्री राम की झण्डी लगातार लहराते दिखे। कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी वितरण किया गया। एक दूसरे का जय श्री राम के साथ अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी। उपस्थितों में बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरूष सभी शामिल थे।



सेठानीघाट पर दीपोत्सव

### इस पल के साक्षी बनने का सौभाग्य मिला

घरों, मंदिरों और चौक चौराहों पर टीवी- एलईडी के माध्यम से श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण देख रहे लोगों ने कहा कि इस पल के साक्षी बनने पर खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। श्री राम लला के दर्शन करने अयोध्या जरूर जाएंगे। सिद्ध हनुमान मंदिर नामक चौराहे पर प्रसारण देखने आए रोहित दुबे, हिमांशु श्रोती, गौरव वर्मा, सुनील संतोरे, ने कहा कि हमारे लिए यह बड़े सौभाग्य का क्षण है कि हमनें राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होते देखा है। वहीं कोठीबाजार स्थित भारत पेपर मार्ट के सामने दुर्गा समिति द्वारा भव्य भंडाना का आयोजन किया गया।

### गांवों और नगरों में निकाली गईं शोभायात्रा

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर एक सप्ताह पूर्व से ही अनेक धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां जिले में आयोजित की जा रही थी। नागरिक इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में पूरे उत्साह के साथ शामिल हो रहे थे। सोमवार को भी जिले के अनेक गावों एवं नगरों में शोभा यात्रा व कलश यात्राएं निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान श्रीराम के जयकारे की गूंज और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय और राममय हो गया था।

### भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखा

अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा विधि पूर्वक सम्पन्न कराने के साथ ही जिले के गांव-गांव तथा नगरों में टेलीवजीन सैट तथा एलईडी में देख रहे बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा जय श्रीराम को उदघोष से पूरा वातावरण राम मय हो गया। सभी एलईडी पर अपलक श्रीरामलला की प्रतिमा को निहारते दिखे। अनेक लोग हाथ में जय श्रीराम की झण्डी लगातार लहराते दिखे। नर्मदापुरम नगर में पवन सेठानीघाट, सतरस्ता चौक स्थित काली मंदिर, ग्वालटोली एवं मीनाक्षी चौक में भी एलईडी के माध्यम से प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। मीनाक्षी चौक पर आयोजित लाइव कार्यक्रम में नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव , सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, सीएमओ नवनीत पांडे, तहसीलदार देव शंकर धुर्वे, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण भी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी वितरण किया गया। सभी ने एक दूसरे का जय श्रीराम के साथ अभिवादन किया और शुभकामनाएं दी। उपस्थितों में बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरूष सभी शामिल थे।



### श्रीराम की आकर्षक रंगोली




अयोध्या में हो रहे रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के चलते बच्चे, बुजुर्ग और वृद्धजन में काफी उत्साह है। इसको लेकर जगह अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वहीं कोठी बाजार में प्रिया सुलेखिया द्वारा भगवान श्री राम और अयोध्या मंदिर को लेकर एक रंगोली बनाई गई। जिसमें अयोध्या का मंदिर और भगवान श्री राम के चित्र को बनाया गया है। जो कि शहर में चर्चा का विषय रहा और लोगों ने इस चित्र कला की सराहना की। बताया जाता है कि चित्रा के पिता शिक्षा विभाग के संभागीय कार्यालय में सुरेन्द्र कुमार सुलेखिया वरिष्ठ लिपिक है।

### द चैम्प्स फन स्कूल में हुआ रामायण हॉल का उद्घाटन



ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में सोमवार के शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित रामायण हॉल का डायरेक्टर जूही चटर्जी व प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने संचालन समिति अध्यक्ष पीके चटर्जी के निर्देशन में उद्घाटन फीता काटकर किया तत्पश्चात श्रीराम दरबार पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया। नवनिर्मित हॉल को आज दीपमालाओं व फूलमालाओं से सजाया गया था। जहां वीणा पाणी ग्रुप के सदस्यों ने संगीतमय सुंदरकांड का सुमधुर पाठ किया। शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने भी सुंदरकांड का सम्वेत पाठ किया एवं राम भजन प्रस्तुत किए। डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी एवं स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी की प्राचार्य मोना चटर्जी सहित सभी शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी शिल्पा गौर थी। डायरेक्टर जूही चटर्जी ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ विद्यालय के नवनिर्मित बहुउद्देशीय हॉल का उद्घाटन करना हमारे लिए अति प्रसन्नता का उपलक्ष्य है। आज जब पूरा विश्व आनंदित है तो हम विद्यालय में भी रामोत्सव का वातावरण बना हुआ है। इस हॉल में बच्चों के नृत्य, योग और सांस्कृतिक व शिक्षा प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### नर्मदा आह्वान सेवा समिति ने किया अयोध्या आंदोलन के कारसेवकों का सम्मान




नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा छिन्नमस्तिका उत्सव समिति श्रीराम चौक जय स्तंभ पर कार सेवकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां श्री राम दरबार की स्थापना कर अखंड ज्योति जलाई गई और सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर महा आरती हुई। इसके बाद अयोध्या आंदोलन के समय नर्मदापुरम से अनेक लोग कार सेवक के रूप में अयोध्या पहुंचे थे जिन्होंने ढांचा गिराने में अपना योगदान दिया। इन कार सेवकों का नर्मदा आह्वान सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें अनेक कार सेवकों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर उनका स्वागत कर सम्मान किया गया और उन्होंने आंदोलन की स्मृतियों को साझा किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार सेवक वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल तिवारी, सतीश चंद्रवंशी, पप्पू पचौरी, योगेश, गोविंद दुबे, सुधीर तिवारी, गौरी शंकर यादव आदि का सम्मान किया गया। इस सम्मान समारोह में समिति की अध्यक्ष निर्मला हंस राय, सचिव करैया कैप्टन, कार सेवक आयोजन समिति के अध्यक्ष हंस राय, उपाध्यक्ष योगेश मोहन सेठा, मुकेश नागर, गोविंद दुबे, गजेंद्र मालवीय, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुधीर तिवारी, विक्रांत चौकसे , राजेंद्र सिंह ठाकुर, शिशिर दुबे सहित रामभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ने किया।

### ट्राईडेंट में मनाई हर्षोल्लास के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा



**नर्मदापुरम।** बुधनी स्थित ट्राइडेन्ट लिमिटेड के चेयरमैन पदमश्री राजिन्दर गुप्ता एवं मधु गुप्ता के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्थानीय ट्राइडेन्ट लिमिटेड बुधनी में समारोह के अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यकम आयोजित किये गये। मन्दिर में श्रीरामचरित मानस अखण्ड रामायण पाठ एवं हवन पूजन का रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कम्पनी परिसर स्थित आयोजन किया। इसके बाद होस्टल परिसर से मन्दिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। साथ में रंगोली एवं आतिशबाजी का शानदार कार्यकम होस्टल के युवक-युवतियों द्वारा की गई। परंपरागत सिर पर कलश रखकर यात्रा का समापन मन्दिर पर हुआ। आरती पूजन के पश्चात मिष्ठान्न प्रसाद वितरण किया गया। इसी श्रृंखला में कम्पनी आवासीय परिसर मधुबन कालोनी में भी कालोनी को दीपकों से सजाया गया। फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया। नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा राम-लक्ष्मण एवं हनुमान के रूप में अपनी प्रस्तुति दी गई। समस्त ट्राइडेन्ट परिसर राममय हो गया। इस सुअवसर पर सम्पूर्ण परिसर एडमिन ब्लाक, होस्टल परिसर, अस्पताल परिसर, मुख्य द्वार एवं सम्पूर्ण मन्दिर परिसर दीपकों से जगमगा दिया गया। कार्यकम में बड़ी संख्या में होस्टल, मधुबन एवं कम्पनी के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्रीराम की विधिवत पूजा कर, श्रीराम के जयकारे लगाये। इस अवसर पर सोमवार को कम्पनी में अवकाश घोषित किया गया।



### भगवान श्रीराम की पूजन कर की आरती

अयोध्या में भगवान की प्रतिमा प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की नर्मदापुरम की सम्भागीय अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने अपने परिवार के साथ निज निवास पर भगवान राम जी की पूजन कर आरती की एवं पूरी, मिठाई बनाकर भगवान का भोग लगाया। परिवार के सभी सदस्यों ने बहुत ही उत्साह पूर्वक भगवान राम के जय कारे लगाये। साथ में सत्येन्द्र फौजदार, नीरजा फौजदार अनुश्री फौजदार, कनिष्का फौजदार एवं नन्ही फौजदार उपस्थित थी और भजन भी गये व प्रसाद वितरण किया।



### शहर में जगह-जगह हुए भंडारे



श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह जगह भंडारे एवं प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयेजित किए गए। बड़ी संख्या में लोग भक्तिभाव से भोजन और प्रसादी ग्रहण करते दिखे। भंण्डारे का लिससिला देर तक चलता रहा।

### आरोप - सर्टिफिकेट की फोटो कॉपी कराकर करते हैं लाखों रुपए की हेराफेरी

# वेयरहाउस से चलने वाले रैक बिंदु की दूरियों को लेकर घोटाला, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के अधिकारियों एवं ठेकेदारों द्वारा वेयरहाउस से चलने वाले रैक बिंदु की दूरियों को लेकर घोटाला सामने आया है। इस मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में एक कंप्लेंट भी की है। कंप्लेंट में प्रमुख सचिव खाद्यान्न नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को लिखा गया है, जिसमें संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है।

यह घपला माल ले जाने वाले रैक की दूरी को लेकर किया जा रहा है। वेयरहाउस से कम दूरी से रैक न भिजवाकर अधिक दूरी से भिजवाई जाती हैं जिससे ज्यादा बिलिंग हो और ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके। एक-एक रैक पर आठ-आठ लाख रुपए ज्यादा देने पड़ते हैं। अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत से कम दूरी में खाद्यान्न का परिवहन करके ज्यादा दूरी में परिवहन का कार्य दिखा कर निगम से भुगतान लिया जा रहा है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाकर ज्यादा दूरी दिखा कर परिवहन का भुगतान लिया जाता है। कम दूरी वाले स्टेशन बागरा तवा से रेक लोड न करवाकर अधिक दूरी वाले स्टेशन इटारसी एवं पिपरिया से रेक पाइंट से विभाग से प्राप्त अधिक दरों में परिवहन का कार्य करवाया जा रहा है, जिससे निगम को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा चुका है। एमपी एससीएससी के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से कम दूरी में खाद्यान्न का परिवहन का कार्य न करवाकर अधिक दूरी वाले रेक पाइंट में परिवहनकर्ता के साथ मिल कर शासन के अधिकारियों द्वारा परिवहन का कार्य करवाकर निगम से ज्यादा दूरी का भुगतान लिया जा रहा है।




### करोड़ों रुपए की हो रही हेरा फेरी

मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कारपोरेशन के अधिकारियों एवं ठेकेदार द्वारा अधिक में खाद्यान्न की रेक लोड करवाई जाती है। बागरा तवा की दूरी बाड़ी से 50 किलोमीटर के स्थान पर इटारसी की दूरी 70 किलोमीटर में परिवहन कराया, जबकि बागरा तवा रेक पाइंट की स्वीकृत दरें 55 प्रतिशत है लेकिन इटारसी रेक पाइंट की दर 107 प्रतिशत ज्यादा है। इस तरह परिवहनकर्ता द्वारा बागरा तवा पुल बंद होने से सांगा होते हुए उनके द्वारा शाहगंज इटारसी की दूरी 100 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी के बिल बनाए गए एवं उनका भुगतान कॉरपोरेशन से लिया गया। इस प्रकार करोड़ों का नुकसान किया जा रहा है। इसमें वेयरहाउस शामिल नहीं है। केवल ठेकेदार, डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और अफसरों की मिली भगत से यह सारा काम होता है।

### नागरिक आपूर्ति व एफसीआई की दूरी में अंतर क्यों

जिले से चावल और गेहूं अन्य जिलों में जाता है। रैक भराई में 15 से 20 किलोमीटर की दूरी बढ़ाकर ज्यादा पेमेंट हो रहा है। नागरिक आपूर्ति ज्यादा दूरी बढ़ा रहा है जबकि एफसीआई कम दूरी पर पैमेंट देता है। जब माल एक ही जगह से जाता है तो फिर नागरिक आपूर्ति ज्यादा दूरी क्यों दर्शा रहा है, एफसीआई कम दूरी दर्शाता है , फिर दूरी में अंतर क्यों। माल इटारसी रेल हेड पर लोड होता है। दूरियां ज्यादा दर्शाते हैं और कम का बिल बताते हैं। ट्रांसपोर्टरों का खेल है इसमें करोड़ का भ्रष्टाचार हो रहा है।

### इनका कहना है

मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैंने अभी एक माह पहले ही कार्यालय में ज्वाईन किया है।

**मेघराज यादव,** जिला प्रबंधक - नागरिक आपूर्ति अधिकारी नर्मदापुरम

जिले में रैक पाईंट में अधिक दूरी अधिक व्यय के अनुसार लोड कराई जाती है और जिले में अफसरों की मिली भगत से भारी भ्रष्टाचार किया गया है। इस मामले को लेकर लोकायुक्त सहित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की गई है।

**संजय कुमार पटेल,** शिकायतकर्ता

### मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नर्मदापुरम।** जिले के ग्राम रायपुर में शोभायात्रा के दौरान चार लोगों को करेंट लगने की दुर्घटना हुई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नर्मदापुरम आशीष पांडे ने बताया की दुर्घटना में घायल 4 लोगों में से एक ही मृत्यु हुई है। गंभीर रूप से घायल 2 लोगों को नर्मदापुरम नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक व्यक्ति सामान्य स्थिति में हैं। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मृतक व्यक्ति के परिजनों को तत्काल 5000 हजार रुपए के आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। साथ ही संबल योजना के तहत 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि भी स्वीकृत की जाएगी।

### 31 तक करें आवेदन

नर्मदापुरम। शैक्षणिक 2023-24 के लिए एमपीटीएएएससी पोर्टल पर अनुसूचित जाति और जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास एप्लाई एवं डाटा अपलोड के लिए पूर्व में निर्धारित तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढ़ाकर 31 जनवरी 2024 कर दी गई है। संस्था में अध्ययनरत कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति आवेदन से वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप

### रोपे अनुसुईया वाटिका में पौधे

**मुलताई।** अनुसया सेवा संगठन द्वारा श्रीराम जी की अधोध्या मे प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अनुसया वाटिका में पौधे रोपित कर इन पौधों की सुरक्षा के लिए तिगाड़ लगाकर सभी ने प्रभू श्रीराम के जयकारे लगाएं संगठन के अध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि अनुसया सेवा संगठन के ग्रामीण सदस्यों द्वारा अपने-अपने गांव में मंदिर के प्रांगण में पौधे रोपित कर सभी को प्रभु श्रीराम के स्थापना की बधाई शुभकामनाएं दी एवं रात्रि में घर-घर में दीप उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के कृष्णा साहू, राजेश साहू ,दुर्गेश यादव, शेसु साहू, कन्हैया साहू ,आदित्य जोशी, विक्रांत मनशूरे, सुमित साहू ,अंकुर माहोरे, भरत साहू ,गोविंद साहू, हिमांशु दियावार ,सोनारे ,लोकेश राठौर आदि

### नगर में निकली रैली भंडारा आयोजित

**भौंरा।** अयोध्या में राम जी की प्राण प्रतिष्टा के अवसर पर नगर में के सभी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के आवहाँन पर नगर के सभी मंदिरों की साफ सफाई अभियान चलाया गया था। सोमवार के दिन मुख्य कार्यक्रम रामपुर भतोडी डिपो में स्थित राम मंदीर में आयोजित किया गया था। यहाँ पर संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन कर प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके, जनपद सदस्य सुधीर नायक सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। राम मंदीर से एक विशाल वाहन रैली भी निकाली गई जो की नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी जिसका जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। राधा कृष्ण मंदीर सहित नगर के सभी मंदिरों में विशेष पूजा कर प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में मगरडोह, बाना बेड़ा गांव में भी जन सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### रेखा केके अग्निहोत्री का देहावसान, दी श्रद्धांजलि

**बैतूल।** भौंरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार कृष्णकुमार (केके.) अग्निहोत्री की धर्मपत्नी तथा राजकुमार व वरिष्ठ



पत्रकार कैलाश प्रसाद (के.पी.) अग्निहोत्री की भाभीजी तथा राजा, विशाल व नकुल अग्निहोत्री की माताजी रेखा अग्निहोत्री का 21 जनवरी को ऋषिकेश (हरिद्वार) में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे पति और दो पुत्र एवं एक पुत्री सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ऋषिकेश के त्रिवेणी मोक्षधाम में किया गया। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ईष्ट मित्रों, समाजसेवियों एवं परिजनों ने दिवगंत आत्मा को श्रद्वासुमन अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना की। पत्रकार कल्याण परिषद जिला इकाई बैतूल के समस्त पत्रकार साथियों ने दिवगंत आत्मा को श्रद्वासुमन अर्पित कर आत्मा की शांति की कामना की।

---

### गंज माता मंदिर में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट में की शिरकत

# विधायक खंडेलवाल ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के एतिहासिक अवसर पर 22 जनवरी को बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल में मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिर समितियों द्वारा आयोजित सुन्दरकांड में शामिल होकर उन्होनें सुन्दरकांड पाठ किया और भण्डारों में प्रसादी वितरण किया।

बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल सोमवार को माता मंदिर गंज बैतूल में अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में शामिल हुए और भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। श्री खण्डेलवाल ने इस ऐतिहासिक मौके पर बैतूल शहर के इटारसी रोड, सदर, मराठी मोहल्ला, कोठीबाजार, गौठाना, मोती वार्ड, विनोबा वार्ड, विवेकानंद वार्ड, राजेन्द्र वार्ड, गर्ग कालोनी, रामनगर, बडोरा ब्रिज, इंदिरा कालोनी, गंज, परतवाड़ा रोड सहित बैतूल शहर के विभिन्न मंदिरो में पहुचकर विधिविधान से पूजा, अर्चना, हवन, आरती की। बैतूल विधायक सुंदरकाण्ड एवं भंडारो में भी शामिल हुए। इस दौरान बैतूल नपाध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पंवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य, तपन मालवीय, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवीय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, नीलम वागद्रे, वर्षा खाडे, अरूण श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

#### श्री लीला बाबा मंदिर में किया पूजन

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर विभिन्न मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। बैतूल शहर के विनोबा वार्ड में श्री लीलाबाबा मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने धर्मपत्नि ऋतु खण्डेलवाल के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान बैतूल विधायक ने सपत्नीक लीलाबाबा मंदिर में राम दरबार सहित अन्य देवी देवताओं की विधिविधान से पूजा अर्चना और आरती की। उन्होने भण्डारे में प्रसादी भी ग्रहण की। बैतूल विधायक शोभायात्रा में भी शामिल हुए। इस दौरान समाज के गणमान्य, वरिष्ठजनों सहित मंदिर समिति के अन्य लोग मौजूद थे।

### सिंधी समाज की वाहन रैली में गूंजे श्री राम नाम के जयकारे, पूरा बैतूल शहर रहा राममय

**बैतूल।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा अयोध्या में होने वाले श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में रविवार को शहर के मुख्य मार्गो से वाहन रैली निकाल गई। वाहन रैली प्रातः 10 बजे झूलेलाल मंदिर मोहन कॉलोनी से प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम शहीद हेमू कलानी की शहादत के दिवस के उपलक्ष में विधायक हेमंत खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बारस्कर एवं समाज के वरिष्ठजनों द्वारा शहीद हेमू कलानी की तस्वीर पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात वाहन रैली को विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली मोहन कॉलोनी झूलेलाल मंदिर से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गंज झूलेलाल मंदिर पर समापन किया गया एवं जहां-जहां से वाहन रैली गुजरी, लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाकर रैली का स्वागत किया। रैली में प्रमुख रूप से समाज के वरिष्ठ युवा एवं बच्चों उपस्थित थे। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा रविवार शाम को भी गंज शनि मंदिर के बाजू में



संदीप मोबाइल के सामने शाम 6:30 बजे भगवान श्री राम जी की भव्य आरती का कार्यक्रम हुआ। उसके बाद सिंधी पंचायत द्वारा कृष्ण पंजाब सेवा समिति के तत्वाधान में निकाले गए जुलूस का स्वागत एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया है।



### पंजाबी सेवा समिति ने निकाली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

**बैतूल।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व 21 जनवरी रविवार को बैतूल शहर में कई स्थानों से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसी तारतम्य में बैतूलगंज में श्रीकृष्ण पंजाब सेवा समिति के तत्वावधान में पंजाबी श्रीकृष्ण मंदिर राजेंद्र वार्ड से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो बिजासनी माता मंदिर कांतिसिवा चौराहा होते हुए शनि मंदिर के पास से वापस श्री कृष्ण पंजाबी सेवा समिति के मंदिर पहुंची। इसके अलावा एक अन्य शोभायात्रा श्रीराम भक्त सेवा समिति द्वारा श्री हनुमान मंदिर न्यू बैतूल स्कूल ग्राऊंड से निकाली गई।

### श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का नपा ने 5 स्थानों पर किया लाइव प्रसारण

**सारनी।** श्री राम मंदिर में विग्रह स्थापना समारोह का नगर पालिका परिषद सारनी ने शहर में पांच स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलित किए गए।

श्री राम मंदिर अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण श्री राम मंदिर सारनी,श्री मठारदेव बाबा मंदिर सारनी, कालीमाई मंदिर शोभापुर,सुभाष नगर हनुमान मंदिर पाथाखेड़ा,शिव दरबार छतरपुर चौक बगड़ोना में बड़ी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,पार्षद भीम बहादुर थापा,आनंद पिंटिश नागले,ज्योति नागले, बेबी बिंझाडे,हरिता पाल,प्रवीण सोनी, आकाश पंद्राम,जफर अंसारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, सुधाचंद्रा, अजय सोनी, मुकेश यादव, मनीष धोटे सहित अन्य लोगों उपस्थित हुए।

---

### 93 हजार से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित

## संकल्प यात्रा अपने अंतिम पड़ाव से 2 कदम दूर



**बैतूल।** केन्द्र शासन की महत्वावकांक्षी योजनाओं को फलीभूत करने के उद्देश्य एवं योजनाओं का लाभ अंतिम हितग्राही तक को दिलाने के उद्देश्य से 16 दिसंबर से प्रारंभ विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने अंतिम पड़ाव की ओर पहुंचने जा रही है। इस यात्रा के दौरान आज दिनांक तक 93 हजार 652 हितग्राहियों ने विभिन्न सुविधाओं का लाभ लिया है। इसमें 6 हजार 97 हितग्राहियों ने बीमा सुरक्षा योजना का लाभ लिया, तो जीवन ज्योति के अंतर्गत 4 हजार 566 हितग्राही लाभान्वित हुए। संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य केम्पों में लगभग 50 हजार लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जबकि 22 हजार 810 क्षय रोगियों ने स्वास्थ्य केम्प का लाभ लिया। सिकलसेल के अंतर्गत 8600 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। पीएमयूवाय के अंतर्गत उज्जवला योजना का लाभ लेने वाले एक हजार 652 हितग्राही संकल्प यात्रा में जुड़े। संकल्प यात्रा के दौरान 10 विकासखंडो में एक लाख 931 हजार 870 पुरूष एवं एक लाख 81 हजार 291 महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम में 404 जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित जन समुदाय एवं हितग्राहियों को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।

#### मंगलवार को यात्रा का रूट चार्ट

विकसित भारत संकल्प यात्रा 23 जनवरी को बैतूल, घोड़ाडोंगरी, आमला, मुलताई और भैंसदेही विधानसभा में पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा बैतूल जनपद पंचायत के ग्राम रातामाटी तथा चांदबेहड़ा, आठनेर जनपद के ग्राम पुसली तथा जावरा, घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत के ग्राम बादलपुर, चिचोली जनपद पंचायत के ग्राम बोरी तथा निवारी, आमला जनपद पंचायत के ग्राम लीलाझर तथा काठी, मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम सोनोरा तथा बरखेड़, प्रभातपट्टन जनपद पंचायत के ग्राम खम्बारा तथा निम्बोटी, भैंसदेही जनपद पंचायत के ग्राम नवापुर तथा कोरडी, भीमपुर जनपद पंचायत के ग्राम रातामाटी तथा चूनालोहमा में भ्रमण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी।

## जनसुनवाई को प्रभावी बनाने कलेक्टर की नई पहल

### अब जिले के सभी जनपद मुख्यालयों पर होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि आम जनता को सहज, सरल एवं त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनसुनवाई की सुविधा सभी जनपद मुख्यालय पर ही प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का निराकरण करना शासन की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए शासन के पास स्वयं चलकर जनसुनवाई के लिए जिला मुख्यालय पर आना होता था, जिसमें उनका धन, श्रम, समय और रोजगार भी प्रभावित होता था। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि अब गांव और पंचायत के निवासियों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए जनसुनवाई में बैतूल आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सभी एसडीएम एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह भी प्रति मंगलवार प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक पंचायत मुख्यालय पर जनसुनवाई करेंगे। श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों से कहा कि मैं मंगलवार को जिला मुख्यालय बैतूल से आप लोगों के साथ जनसुनवाई के समय ऑनलाइन वर्चुअल जुड़ा रहूंगा उन्होंने कहा की जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की है।

### वंदेमातरम जामई व अंश इलेवन सुपर 8 में पहुंची

**सारनी।** स्व.विजय कुमार खण्ड़ेलवाल जी स्मृति राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के 16 वे दिन 2 मैच खेले गए। पहला मैच अंश 11 पाथाखेड़ा एवं ड्राइवर 11 पाथाखेड़ा के बीच खेला गया ड्राइवर 11 पाथाखेड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 102 रन बनाएं। 103 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अंश 11 पाथाखेड़ा ने 8 ओवर मे 2 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर यह मैच 8 विकेट से जीत गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच मामू जिन्होंने बल्लेबाजी 51 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच बने।दूसरा मैच वंदे मातरम जामई एवं प्राइड 11 घोड़ाडोंगरी के बीच खेला गया वंदे मातरम जामई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर मैं 6 विकेट खोकर 143 रन बनाएं 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्राइड 11 घोड़ाडोंगरी ने 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 77 रन ही बना पाई।

## भगवामय रहा शहर, निकाली गई शोभायात्रा

**आमला।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के इस अविस्मरीय पल का साक्षी बने लोगों ने ऐसी तैयारी कि आमला अयोध्या सी लगने लगी। हर गली, सड़क, चौक-चौराहे हो या मार्केट भगवामय हो गया है। मंदिरों और घरों को आर्कषण झालरों व फूलों से साज-सज्जा की गई है। प्राण प्रतिष्ठा पूर्व रविवार की संध्या जगह-जगह राम भक्ति में राम भजन होने लगे व एक भव्य माहौल तैयार हुआ। श्री राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा श्री रामजी की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। घर-आंगन में राम लला की आकर्षण रंगोली बनाई गई है।



**600 मंदिरों व हर घर में जलें दीपः** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर हर घरों में दीप जलाए जाएंगे। मंदिरों में भी हजारों दीप जलेंगे। आमला के क्षेत्रों में लगभग 1 हजार मंदिर है। बाजार व कुम्हारों के यह से दिप भी लोगो ने बड़ी संख्या में खरीदे है। पिछले दो दिनों में करीब हजारो दिए बिक चुके है। विशेष कर मंदिरों में इसके अलावा विशेष कार्यक्रम में भी दिप जलाए गए हैं। इस तरह के माहौल को देख लोग बोले कि दीवाली आ गई और हमारे राम लला भी।

**महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है... पर खूब झूमे भक्तः** सारनी। श्री मठारदेव बाबा के मेले में नगर पालिका परिषद सारनी द्वार आयोजित आनंद उत्सव में रविवार रात महाकाल की नगरी उज्जैन से आए प्रसिद्ध भजन गायक गजेंद्र प्रताप सिंह एवं ग्रुप ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। भजन संध्या का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के मेश्राम एवं पार्षदगणों,कमलेश सिंह,सुधा चंद्रा सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में सरस्वती पूजन के साथ किया गया। इसके बाद गायक गजेंद्र प्रताप सिंह ने बाबा महाकाल के भजन सुनाए। महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है.... भजन पर पूरा पंडाल झूमने लगा।

**पूजन के बाद ध्वज शिखर पर चढ़ाया गया मेले का औपचारिक समापनः** मठारदेव मेले का शुभारंभ 12 जनवरी को पूजा और विधि विधान के साथ किया गया था 10 दिनों तक संचालित होने वाले इस बाबा मठारदेव मेले का समापन 22 तारीख को शाम 5:30 बजे ध्वज उतार कर किया गया। बाबा मठारदेव के मेले का 22 जनवरी को औपचारिक समापन किया गया।

## बेटी किसी की भी हो, संकट के समय मदद करना चाहिएः साध्वी रंजना दीदी



**बैतूल।** श्री हनुमान मंदिर ग्राम कोदारोटी में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के सातवें दिन रविवार को कथावाचक साध्वी रंजना दीदी ने माता शबरी की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता शबरी की भक्ति के आगे भगवान को भी आना पड़ा। माता सीता की खोज में जब श्रीराम शबरी की कुटिया पहुंते तो वह भाव विभोर हो गईं और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। कहते हैं कि शबरी ने श्रीराम को स्वयं चखकर सिर्फ मीठे बेर खिलाये, जिसे भगवान राम ने भी भक्ति के वश होकर प्रेम से खाए। शबरी की भक्ति देखकर श्रीराम ने उन्हें मोक्ष प्रदान किया। कथा में साध्वी जी ने जाति प्रथा पर प्रहार किया। उन्होंने कहा भगवान सभी के हैं। 22 जनवरी को भगवान के अयोध्या आगमन पर दीपावली मनाने का आग्रह किया। कथा में उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम ने सीता जी की खोज में पशु, पक्षी, वानर सभी की मदद ली। जटायु की कथा के माध्यम से कहा कि समाज में किसी की भी बेटी हो संकट के समय मदद जरूर करना चाहिए चाहे अपने प्राणों की आहुति देना पड़े। पूर्व विधायक अलकेश आर्य ने कथा स्थल पर पहुंचकर कथावाचक साध्वी रंजना दीदी का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही उन्होंने कथा पंडाल में बैठकर कथा श्रवण की।

### निकाली गई शोभायात्रा जगह-जगह स्वागत

**सारनी।** श्री राम जी के आगमन से देश ही नहीं पूरी दुनिया में खुशी का माहौल है।इससे पहले ग्राम भारती महिला मंडल परिवार द्वारा कार्यकर्ताओं व रामभक्तों ने रैली निकालकर इसका जश्न मनाया। रामभक्तों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए और श्री राम जी का झंडा बुलंद किया।अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश ही नहीं पूरी दुनिया में धूम मची है। प्रातः 10 बजे से रैली प्रारंभ की गई जो की ग्राम भारती महिला मंडल कार्यालय से शुरू होकर क्लब कॉलोनी से गुजर कर कार्यालय पहुंची। रैली के साथ कार्यकर्ताओं व रामभक्तों ने एक मील से अधिक की दूरी तय की और राम लल्ला के नारे एवं जयकारे के साथ रैली संपन्न हुई, रैली का आयोजन संस्था अध्यक्ष भारती अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदा सोनी एवं समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा निकाली गई। वही राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

---

## 25 जनवरी को मतदाता दिवस दिलाई जाएगी शपथ

**बैतूल।** 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को सारे देश में मनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) अक्षत जैन ने बताया कि ₹मतदाता दिवस वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेगे हम₹ की थीम पर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए है। दिशा निर्देशों के अनुरूप मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को नाटकों, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटकों, लघु फिल्मों एवं अन्य प्रचार माध्यमों से मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदान की अपील की जाएगी। जिससे युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। आयोग की मंशा के अनुरूप 01 जनवरी 2024 को मतदाता के रूप में अपनी आयु शुरू करने जा रहे युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ा जाना है। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं के मध्य डिबेट कम्पटीशन, डिस्कशंस के साथ ही ड्राईंग काम्पीटिशन, पेंटिंग, गीत-संगीत, नृत्य नाटिका की जाएगी। इन कार्यक्रमों को मतदान क्यूं और कैसे करना है पर केन्द्रित होंगे। मतदाता के रूप में आपके क्या-क्या अधिकार है और उन अधिकारों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से आप किस प्रकार उपयोग कर सकते है। मतदाताओं को मतदान दिवस पर मतदान देने की शपथ दिलाई जाए। मतदाता दिवस पर राज्य सरकारों के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रातः 11:00 बजे शपथ दिलाई जाए अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी से संपर्क कर अपनी सुविधा के अनुसार भी शपथ दिला सकेंगे।

**मतदाता शपथः**हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### प्रसिद्ध वैष्णवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र शरण पहुंचे, बड़ी तादाद में उमड़े श्रद्धालुजन

# कलश यात्रा के साथ दिव्य राम कथा भावोत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

अयोध्या राम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पवित्र नगरी मुलताई राममयी दिखाई दे रही है। जगह-जगह स्वागत द्वार केसरिया ध्वज लहरा रहे हैं और जय श्री राम के नारों से गगन गूंज उठा है। संपूर्ण नगर जगमगाने लगा है मंदिर और विशेष रूप से सजा ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र राम जी के उत्सव का गवाह बना हुआ है। पवित्र नगरी में राम जी के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें नागदेव मंदिर प्रांगण में दिव्य श्री राम कथा भावोत्सव का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। दिव्य राम कथा भावोत्सव की विशाल कलश यात्रा नागदेव मंदिर प्रांगण से निकल गई जो कि नगर के विभिन्न चौक चौराहे से होते हुए ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र पहुंची जहां ताप्ती मंदिर एवं राम मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत वापस कथा स्थल पहुंची जहां राम कथा का प्रारंभ किया गया। सात दिवसीय राम कथा का वाचन प्रसिद्ध वैष्णवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र शरण, श्रीधाम गोवर्धन मथुरा के मुखारविंद से किया जाएगा जो आज मुलताई पहुंचे जिनका रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। कथावाचक विश्वामित्र शरण महाराज को ताप्ती कथा के लिए संपूर्ण देश में जाना जाता है और इन्हें विदेशो में भी सुना जाता है यही कारण है कि उनकी कथाओं में बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से पहुंचते हैं जो आज कलश यात्रा





में भी दिखाई दिया। इसके साथ ही नगर के प्रसिद्ध राम मंदिर में विधायक चंद्रशेखर देशमुख नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर सहित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में हुए श्री राम प्रतिमा के प्रांण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखा। इसके अलावा बजरंग दल द्वारा फवारा चौक पर राम मंदिर झांकी का निर्माण किया गया जो की आकर्षण का केंद्र रही। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा राम सीता शोभायात्रा भी निकाली गई , मोटरसाइकिल रैली के साथ ही नगर के प्रत्येक चौक चौराहे पर भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया।

#### 29 को होगा कथा का समापन

अयोध्या में श्री राम लाल प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में नेहरू वार्ड नागदेव मंदिर प्रांगण में दिव्य राम कथा भावोत्सव का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ किया गया जिसमें प्रसिद्ध वैष्णवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र शरण महाराज ने कथा के प्रथम दिन शिव सतीश चरित्र एवं पार्वती जी के जन्म एवं तपस्या की कथा का वाचन किया जिसका बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्ररवण कर पुण्य की प्राप्ति की सात दिवसीय यह राम कथा भावोत्सव 28 जनवरी तक चलेगा जिसमें 29 जनवरी को हवन पूजन एवं पूर्ण आवृत्ति के साथ भंडारा प्रसादी वितरण कर इस कथा का समापन किया जाए कथा का आयोजन श्री राम कथा आयोजन समिति व शिव भक्त महिला मंडल श्री क्षेत्र मुलताई द्वारा किया जा रहा है। कथा व्यवस्था करने वालों में गणेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष,पारस माहौरे, प्रकाश साहू, रामदास साहू ,श्यामू ढोमने ,कैलाश साहू ,दुर्गेश धुर्वे, गजनी साहू आदि प्रमुख है।

### *संपूर्ण शहर हुआ राममय जगह-जगह किया भंडारे का आयोजन, निकली शोभायात्रा*

*सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी के अंतर्गत आने वाले सभी वार्ड एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विशेष कार्यक्रम भंडारा भजन शोभायात्रा और रैली निकालने का कार्य किया गया।सारनी की महिलाओं के माध्यम से विशेष पोशाक पहनकर मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई जो सारनी के विभिन्न वार्डों में घूमने के बाद प्रभु श्री राम मंदिर पहुंचकर वहां पर इस शोभायात्रा का समापन किया गया। हालांकि शोभायात्रा का शुभारंभ भी श्री राम मंदिर प्रांगण से किया गया इसके अलावा सारनी,पाथाखेड़ा और बगडोना में अलग-अलग स्थान पर शोभायात्रा निकालने का कार्य किया गया। इसके अलावा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही देर रात तक भंडारे का आयोजन भी होता रहा ग्राम पंचायत सलैया की पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं बैकुंठ धाम आश्रम सलैया स्वागत द्वारा बगडोना रेस्क्यू बगडोना शिव शक्ति धाम आश्रम शोभापुर काली माई मंदिर इसके अलावा चौक चौराहों पर भी भंडारे का आयोजन चला रहा इसके बाद सुबह पाथाखेड़ा क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा निकालने के साथ सामूहिक भंडारे का आयोजन सुबह से देर शाम तक चलता रहा।*

### आरोपियों से चांदी अन्य उपकरण कीमत लगभग 14 लाख रुपए का माल बरामद

# जेवरों की शुद्धीकरण के नाम पर 8 लाख 50 हजार की ठगी करने वाला गिरफ्तार

पुलिस ने चांदी के जेवरों की शुद्धिकरण के नाम पर ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है।






हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

आरोपियों वर्ष 2021 में पिपरिया के विजयश्री ज्वेलर्स की वजनी चांदी 12.880 किलो ग्राम कीमती 8 लाख 50 हजार रुपए की महाराष्ट्र का कारीगर रिफायन के नाम से ठगी कर ले गया था जिसे पकड़कर चांदी अन्य उपकरण कीमती लगभग 14 लाख रुपए का माल बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जिसे न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल पिपरिया भेज दिया है। एसपी गुरुकरन सिंह, एएसपी आशुतोष मिश्र ने जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को पुराने गंभीर प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रभावी कार्यवाही के लिए आदेशित किया था। एसडीओपी पिपरिया कल्याणी वरकड़े के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी पिपरिया गिरीश त्रिपाठी एवं स्टाफ की एक टीम गठित की थी टीम ने यह सफलता हासिल की। घटना अनुसार 20 मई 2021 को फरियादी अंशुल जैन पिता रजनीश जैन उम्र 28 वर्ष निवासी मंगलवारा बाजार पिपरिया ने प्रकाश पिता प्रताप बाबू जाधव निवासी बुधगांव जिला सांगली (महाराष्ट्र) के खिलाफ दर्ज कराई थी कि विजय श्री ज्वेलर्स के नाम से फरियादी की मंगलवारा मार्केट में सोना चांदी की ज्वेलरी की दुकान संचालित है। वह पुराने आभूषण खरीदकर उनका शुद्धिकरण करवाकर नये आभूषण बनाकर बेचता है। विगत दो वर्षों से चांदी का शुद्धिकरण का कार्य पिपरिया में प्रकाश जाधव करता था। 10 मई 2021 को फरियादी ने 12.880 किग्रा, चांदी कीमती लगभग 8 लाख 50 हजार रूपये की शुद्धिकरण हेतु प्रकाश जाधव को दिया था जिसने बाद शुद्धिकरण चांदी वापस नहीं किया। संपर्क करने पर फोन बंद आने एवं घर में ताला लगा रहने से फरियादी ने पता किया तो मामलू हुआ कि वह अन्य के साथ भी ऐसा करके भागा है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान तकनीकी माध्यमों से आरोपी की तलाश की जा रही थी, टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई थी। आरोपी को पुलिस तलाश करते हुए उसके ग्राम बुधगांव धान सांगली देहात महाराष्ट्र में जाकर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया गया पिपरिया में वह चांदी गलाने व रिफायंड का काम करता था। अंशुल जैन ने चांदी दी थी। लाकडाउन होने अन्य पारिवारिक समस्यायें आने से काम नहीं चला था।

उसने पिपरिया निवासी संजय सोनी के घर में चांदी एवं अन्य उससे संबंधित उपकरण रखकर बिना किसी को बताये चला गया था। 18 जनवरी 2024 को आरोपी प्रकाश जाधव ने संजय सोनी के मकान स्थित ऊपर के कमरे से एक गोल्ड टेस्टिंग मशीन, एक डेल कंपनी का सीपीयू, मानीटर, चांदी जैसी धातु के 15 नग सिल्ली जिनका कुल वजन 08.85 किग्रा, निकला चांदी एवं अन्य सामान की कुल कीमत करीबन 14 लाख रुपए आंक कर पुलिस ने जब्त की है। शेष बची हुई चांदी को आरोपी ने गोल्ड टेस्ट की मशीन की उधारी में देना बताया एवं अन्य किसी से चांदी शुद्धिकरण के लिए नहीं लेना भी विवेचना में आया है। आरोपी से 14 लाख रूपये का मशरूका बरामद किया गया है। प्रकरण में अन्य पहलुओं पर विवेचना जारी है।

# यह समय उत्सव मनाने का है, बीते पल याद किए तो रो पड़ेंगे: बालपूरी गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




स्थानीय काली मंदिर परिसर में अयोध्या में श्री राम जी के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 1990-92 में कार सेवा में सम्मिलित हुए कारसेवकों का सम्मान एवम स्वागत मंच से किया गया। श्रीराम मंदिर दर्शन अभियान की जिला संयोजिका व कार्यक्रम संयोजिका राजो मालवीय ने बताया हमारे लिए यह शुभ अवसर लाखो लोगों के बलिदान के उपरांत 500 वर्षो के संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ है। वक्ताओं ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के विषय व 21000 हनुमान चालीसा के संकल्प के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। आयोजको ने आज पोने दो करोड़ राम नाम हनुमान जी को समर्पित किए हैं। इस अवसर पर हनुमान जी महराज को 56 प्रकार के भोग भी लगाए हैं। बालपुरी गोस्वामी ने मंच से विचार व्यक्त करने से मना करते हुए कहा कि आज तो खुशी मनाने का अवसर है। यदि हम आज रामजन्म भूमि आंदोलन पर बोलेंगे तो आंसू निकल आयेंगे,में अपने आपको भावुक होने से नही रोक पाऊंगा।

कार्यक्रम में प्रमुखरुप से बालपुरी गोस्वामी, राजेंद्र सहारिया, नगर परिषद अध्यक्ष लता पटेल, राजो मालवीय, आकाश रघुवंशी, संतोष सराठे, जीवन दुबे, शिव कुमार पटेल, ज्ञानी सुरजीत सिंह,ज्योति तलरेजा, रितेंद्र राजपूत, मनोज गोलानी, यशवंत पटेल, श्रीकांत पटेल, विशाल राठौड़, आशीष डोनीवाल, नमन मालवीय, स्वेतल दुवे के साथ ही कारसेवक संतोष सराठे, जगदीश अहिरवार, भगवानदास अहिरवार, संदीप वर्मा, संतोष सराठे, अरुण चोरसिया, मनोज मालवीय इत्यादि का गमछा, श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिवकुमार पटेल ने किया।

## रामभक्तों ने की आतिशबाजी



सोहागपुर। श्री राम चौक सोहागपुर पर रामभक्तों ने की घंटो आतिशबाजी , विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह , सविता दीवान शर्मा ने भगवान की आरती उतारी।

## कांग्रेसियों ने किया सुंदरकांड पाठ



सोहागपुर। कांग्रेस परिवार ने सुंदर काण्ड और भंडारे का आयोजन किया। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बताया गया कि मालवीय पैलेस के सामने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा सुंदर काण्ड का आयोजन किया गया तो पूरे दिन नगर भंडारे का आयोजन चलता रहा।

# अयोध्या में विराजे राम लला, घर-घर दीप जले, मंदिरों में आयोजित किए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



22 जनवरी की राह देख रहे लोगों प्रतीक्षा खत्म हुई जैसे ही अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई मंदिरों में नगर में घर-घर पूजन आरती की शुरुआत के साथ धार्मिक आयोजन शुरू हो गए। नगर के श्री राम जानकी बड़ा मंदिर बालाजी मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, खेड़ापति मंदिर, राधा कृष्ण कसेरा मंदिर, दुर्गा मंदिर, आवास कॉलोनी शैलपुत्री धाम, शनिचरा बाजार, खेड़ापति मंदिर, सिलारी कोठारिया के मंदिरों में पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया। शैलपुत्री धाम शनिचरा बाजार में बालाजी मंदिर से शनिचरा बाजार तक श्री राम शोभायात्रा निकाली गई। शहर जगह-जगह भगवा ध्वज और पट्टी का से सजाया गया था शोभायात्रा में शामिल लोग भगवान राम की जयघोष करते हुए चल रहे थे। दोपहर 4 बजे से क्षेत्र के प्रसिद्ध भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। शाम को भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्राम समोन शोभा यात्रा निकालकर प्रसाद वितरण किया गया। ग्राम भानपुर में मनोकामना मंदिर में सीताराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का भव्य समारोह पूर्वक किया गया। सीताराम ग्राम वासियों के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के ग्राम सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की शाम को 4 बजे बालाजी मंदिर से राम फेरी राम धुन गाते हुए निकल गई जिसमें नगर बासी शामिल हुए बस स्टैंड पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में 11 बजे से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भक्तजनों को दिखाया गया शाम को आतिशबाजी की गई और महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# राम रंग से सरोबार हो उठा सेमरी हरचंद चलते रहे राम स्तुति व हनुमान चालीसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



राम जन्मभूमि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ग्राम वासियों द्वारा स्थानीय स्तर पर भव्य रूप से मनाने की तैयारी पिछले कई दिनों से चल रही थी संपूर्ण नगर को कार्यक्रम के लिए भगवा पटकाओं झंडियों एवं ध्वजों से सजाया गया अनेक स्थानों पर तोरण लगाए गए।आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व सुबह 5 बजे से ही नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए ढोलक करताल एवं वाद्य यंत्रों के साथ रामधन लगाते हुए ग्राम वासियों ने प्रभात फेरी नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली सुबह 11 बजे से नगर के सभी धार्मिक स्थलों पर हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ हुआ।

नगर में मुख्य आकर्षण का केंद्र पीपल चौक पर हुए आयोजन में था जिसमें सुबह 11 बजे से राम भक्तों ने हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम स्तुति राम भजनों का भव्य कार्यक्रम हुआ। यही एलइडी के माध्यम से अयोध्या में हो रहे राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाइव दिखाया गया नगर के लव कुश मंदिर पंचायती राम मंदिर एवं समीपस्थ ग्राम जमुनिया में भी केसरी नंदन हनुमान मंदिर में बाल हनुमान सेवा द्वारा हनुमान चालीसा सुंदरकांड का पाठ किया गया। स्थानीय खेड़ापति मंदिर में राम दरबार राधे कृष्णा मां नर्मदा शिव शंकर भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा भी अयोध्या में चल रहे राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ की गई पीपल चौक पर सभी कार्यक्रमों के पश्चात राम भक्तों द्वारा विशाल भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्त अपने वाहन के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से रैली के रूप में निकले जिसमें मोटरसाइकिल में कर ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन तक शामिल थी राम भक्ति का वातावरण नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सुबह से देर रात तक बना रहा एवं कार्यक्रम चलते रहे।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भूमिदान की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोमवार को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर हरगोविंद पुरविया द्वारा खेड़ापति मन्दिर के सामने उनके स्वामित्व में रिक्त भूखंड से मंदिर के सामने 8 फिट भूमि दान करने की सहमति प्रदान की।

उक्त भूमि खंड रेलवे के पास तिवारी कालोनी सोहागपुर के पास स्थित है। मंदिर से जुड़े लोगो ने बताया कि श्री पुरबिया द्वारा दी गई दान की भूमि मन्दिर के विस्तार एवं मन्दिर में सुगम आवागमन के लिए सहायक होगी।

हरगोविंद पुरविया का जमीन दान करने पर खेडापति मन्दिर सेवा समिति एवं लाड़सपुरा के सभी सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने उनके लिए मंगल कामना की है। गौरतलब है कि हरगोविंद पुरविया धार्मिक प्रवत्ति के व्यक्ति हैं और वह ऐसे अवसरों पर खुले हस्त से लोगो की मदद करते हैं।

# सिख समुदाय ने किया संकीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी यह कार्यक्रम तो होना ही था लेकिन भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन वलिया के द्वारा अपने कृषि फार्म पर 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। जिसमें अपनी सहयोग प्रदान करने के लिए पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित स्थानों से शिख परिवार सहित एकत्रित हुए जिनमें सभी के द्वारा भगवान राम के चरित्र का वर्णन करते हुए उन्होंने सतयुग द्वापर त्रेता युग्म कलयुग का वर्णन करते हुए बताया कि कलयुग के अंत में भगवान राम एवं भगवान विष्णु कालिक के अवतार होंगे और इस तरह से उन्होंने भगवान संकीर्तन करते हुए भगवान राम वेदव्यास एवं 18 पुराणो पर अपना प्रकाश डाला। सिख समुदाय के तमाम गुरुओं ने गुरु पाठ के साथ-साथ राम नाम संकीर्तन एवं बड़े ही धूमधाम से संकीर्तन का कार्यक्रम करते हुए विशाल लंगर का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सभी राम भक्त एवं सभी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि संगठनों के पदाधिकारी महिला मोर्चा सहित तमाम लोगों ने भाग लिया।

# श्री राम मय रहा नगर, मंदिरों में की दीपावली की तरह साज-सज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



अयोध्या में राजाराम की स्थापना को लेकर कई वर्षों के बाद सनातन धर्म का ध्वज फहराने के लिए सनातन धर्म के अनुयायियों के साथ-साथ सभी समाजसेवी संगठनों सभी राजनीतिक दलों के द्वारा राजाराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के प्रधानमंत्री सहित सनातन धर्मियों के आवाहन पर नगरों में जितने भी मंदिर हैं सभी को सजाया गया है। लाइटिंग लगाई गई है रंग रोवन आदि किया गया है और हर जगह लगातार भंडारी के कार्यक्रम हो रहे हैं। इस तरह से मंगलवार बाजार से लेकर उबर ब्रिज ओवर ब्रिज से लेकर पचमढ़ी रोड पचमढ़ी रोड से लेकर सीमेंट रोड पुरानी गल्ला मंडी सांडिया रोड सहित तमाम मार्गों को भगवा ध्वज के साथ सजाया गया है सभी मंदिरों के आगे रंगोली सजाई गई है और अनेकों ग्राम वासियों के द्वारा जहां भगवान के मंदिर खाली पड़े हुए थे वहां पर दिव्यप्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। पिपरिया विधानसभा में कांग्रेस या भाजपा इस तरह की किसी तरह की राजनीति राम को लेकर नहीं हो रही है। पिपरिया विधानसभा के पूर्व विधायक अर्जुन लाल पलिया के द्वारा अपने कार्यालय में अखंड रामायण की स्थापना बड़ी ही साथ सजा के साथ की गई है। जिसका समापन 22 जनवरी को होगा इसी तरह से पुराना गल्ला मंडी हनुमान मंदिर में शहर कांग्रेस के द्वारा भी सुंदरकांड का आयोजन किया गया वहीं पर ग्राम पंचायत विजनवाडा खिड़कियां शाहिद तमाम ग्रामों में मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा मूर्तियों की की जा रही है इस तरह से पूरे विधानसभा क्षेत्र को राम में कर दिया गया है।

# नगर में निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों भक्त हुए शामिल,कई जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी नगर में अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर भव्य पर यात्रा निकाली गई शोभायात्रा हनुमान मंदिर स्टेशन रोड से प्रारंभ हुई। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन बैंड बजे की धुन पर ध्वज लेकर नाचते गाते शामिल हुए। अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत हुआ एवं नागरिकों सामाजिक लोगों ने स्वागत किया एवं पुष्प वर्षा की शोभायात्रा का रुचि मार्केट समिति, किरार समाज, कलचुरी समाज, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, स्वप्निल पैनल झंडा चौक समिति,माहेश्वरी समाज एवं अन्य स्थान पर भव्य स्वागत हुआ। यात्रा का समापन श्री राम जानकी पंचायती मंदिर में हुआ। जिसके बाद महाआरती प्रसादी वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर के प्रत्येक मंदिरों में पूजा पाठ कीर्तन रामायण सुंदरकांड के पाठ संपन्न हुए धूमधाम से अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम किए गए।

# भगवान राम की शोभा यात्रा निकाली गई, महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




नगर में सोमवार को पुरानी इटारसी में राम जी की शोभा यात्रा निकल गई। इस शोभायात्रा में वनवासी कल्याण परिषद के माध्यम से जनजाति क्षेत्र में रहने वाली जनजाति महिलाओं का शाल श्रीफल से शबरी माता सम्मान समारोह रखा गया था। इनमें जनजाति क्षेत्र की हमारी बहनें सुखतवा क्षेत्र की उनका शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस यात्रा में नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई वार्ड नंबर 3 के मंदिर प्रांगण में यात्रा प्रारंभ होकर के और घूम करके जाकर वही समाप्त हुई। इसमें वनवासी कल्याण परिषद के नर्मदा पुरम विभाग के जिला अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, प्रांत के स्वास्थ्य प्रमुख विनोद कटरे, नगर समिति अध्यक्ष अतुल शुक्ला द्वारा महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम किया गया। समाजसेवी महिलाओं का सम्मान वहां की महिलाओं के द्वारा किया गया एवं राम जी की आरती इन जनजाति महिलाओं के द्वारा की गई एवं उनका स्वागत किया गया इसके पश्चात नारी सम्मान का कार्यक्रम हुआ। इसमें जिले के जिला संगठन मंत्री राजेश बेलवंशी, पार्षद राहुल प्रधान एवं मित्र मंडली वनवासी कल्याण परिषद के जिला स्वास्थ्य प्रमुख चैन सिंह, छात्रावास समिति और प्रमेश मकोडिया, हाउसिंग बोर्ड कालोनी से पं निर्दोष तिवारी, कंचन तिवारी, अर्चना शुक्ला, उमा शुक्ला, बलराम सोनी, सूरज नोरिया, मोहन मालवीय सुधीर बाजपेयी, ओपी गांधी एवं वार्ड क्रं.3 का जन समुदाय उपस्थित रहा और राम प्रतिष्ठा कार्यक्रम शानदार तरीके से संपन्न हुआ।

### भगवा मय रहा पूरा नगर, मुस्लिमों ने भी की राम भक्तों पर पुष्प वर्षा

# ठाट-बाट से निकली राम लला की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर




500 वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में श्री राम लला मूर्त रूप में जैसे ही विराज मान हुए, सनातनियों ने नगर को राम मय करते हुए बच्चे बच्चे को उल्लास से भरते हुए हर घर में भजन कीर्तन अखंड रामायण के पाठ के आयोजन होने से इस शुभ घड़ी में चार चांद लगा रहा था।

संयोग से शोभापुर के रामलीला मैदान में बीते 7 दिन से भागवत कथा का आयोजन भी चल रहा था। कथा का विश्राम दिवस भी श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिवस में होने से कथा वाचिका ने श्रद्धालुओं से इस पल को जीने का आह्वान किया। शोभापुर के आयोजन में भगवान श्री राम , लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों की शोभा यात्रा शाम 5 बजे रामलीला मैदान से जैसे ही निकली , सड़कों में राम भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभा यात्रा के इतिहास में पहली बार महिलाओं ने राम लला की शोभा यात्रा में शिरकत की और इतनी तादाद में कि देखते ही बनता था। बच्चे, बच्चियां राम की भक्ति में सड़कों में थिरकते हुए यात्रा को भगवाकरण करने में अग्रिम पंक्ति में नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा के स्वागत के लिए शीतल पेय जल , पोहा, गुडपट्टी, केला, बूंदी,हलुवा, रबड़ी शोभापुर के श्रद्धालु जनों द्वारा वितरित किए जा रहे थे। शोभायात्रा में भगवान राम का जगह जगह स्वागत कर, आरती उतारी गई। सूर्यास्त के समय जैसे ही शोभा यात्रा मुख्य मार्ग में पहुंची, दुकानदारों द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने दीप जलाकर अपनी खुशी को दीपावली में तब्दील की। बड़ा मनोरम दृश्य भगवान राम की कल की शोभा यात्रा में नजर आ रहा था। शोभा यात्रा में मुख्य मार्ग पर मुस्लिम युवकों द्वारा पुष्प वर्षा कर राम भक्तों का जब स्वागत किया तो हर राम भक्त अपनी आंखों में सौहार्द की भावना को पनपा रहा था। एक बार ऐसा प्रतीत हुआ कि शोभापुर की धरा की एक एक गली, घर और घर के सदस्य सभी राम की भक्ति में तल्लीन नजर आ रहे थे। शोभा यात्रा का समापन हनुमान मंदिर प्रांगण मे हुआ। समापन अवसर पर भगवान श्रीराम की महा आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण किया।

शहर में अयोध्या के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा, महिलाओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए

# शहर से लेकर गांव तक राममय रहा माहौल, अयोध्या के साथ लेपा मंदिर में भी विराजमान हुए प्रभु श्रीराम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शहर से लेकर गांव तक सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा। सुबह शहर के राधा वल्लभ मार्केट में भगवान श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर 12 बजे ज्योतिनगर में बड़ी स्क्रीन पर भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समारोह का अयोध्या से सीधा प्रसारण हुआ। इंजीनियर नितिन मालवीय ने बताया कि यहां पर ज्योतिश्वर महादेव मंदिर परिसर में बड़ी एलइडी स्क्रीन पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखा। खासकर महिलाओं ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर खासा उत्साह था। इंजीनियर मालवी ने कहा कि महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होते ही महिलाओं ने जय श्रीराम की जयकारे लगाए। पंडाल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। धार्मिक कार्यक्रमों के बाद यहां पर भंडारा भी हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

### लेपा में भी विराजित हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, लक्ष्मण और सीता मैया व हनुमान जी

जिले की कसरावद तहसील मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर नर्मदा किनारे बैरागढ़ लेपा में अयोध्या के साथ ही 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इससे पहले गांव में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली। गांव की गलियों में गुब्बारे रंगोलिया व फूलों से सजाया गया था महिलाओं ने गरबा किया। गांव के लोग भी खुशी में जमकर थिरके। उधर, सुबह 11 कुंडी महायज्ञ का समापन हुआ। पंडितों की अगुआई में मंदिर के गर्भगृह में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता जी व हनुमान जी की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा हुई। उसके बाद देर रात तक दर्शनों का सिलसिला चलता रहा। दोपहर 3 बजे बाद भंडारा हुआ। इसमें क्षेत्र के 50 से ज्यादा गांव के 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए।

### मिनी अयोध्या बना बैरागढ़

*बैरागढ़ में मुख्य रूप से सम्मिलित हुए पूर्व केंद्रीय भारी उद्योग राज्य मंत्री अरुण यादव ने कहा कि पूरे निमाड़ के लिए भी आज गौरव का दिन है कि लेपा गांव में जन सहयोग से लगभग 5 करोड़ की लागत से मंदिर का निर्माण किया गया है। अयोध्या में 5 अगस्त को सरयू किनारे श्रीराम मंदिर का भूमि पूजन हुआ था। उसी तरह उसी दिन यहां नर्मदा किनारे शिलान्यास हुआ था। यादव ने कहा कि यह क्षेत्र मिनी अयोध्या के रूप में आकार ले रहा है। गांव का श्रीराम मंदिर महेश्वर बांध की डूब में आने के कारण ग्रामीणों ने जन सहयोग से मंदिर निर्माण का निर्णय लिया। इसमें क्षेत्र की जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भी मदद की।*

जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर जिले में आतिशबाजी कर मनाई खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लगभग 500 वर्ष की लंबी प्रतीक्षा के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजे हैं। सनातन धर्मावलंबियों के लिए आज का दिन अविस्मरणीय अद्भुत और स्वर्ग से भी सुंदर है। इस अवसर पर खण्डवा जिले का हर गांव-हर शहर राम मय हो गया। जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरों में रामभक्ति के प्रति गजब का उत्साह जनता द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिले के विभिन्न मंदिर परिसरों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

इस अवसर पर भंडारे भी आयोजित किए गए। साथ ही विभिन्न स्थानों पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी भक्तों द्वारा किया गया। कलश यात्राएं आयोजित हुई एवं आतिशबाजी भी की गई।



शहर के विभिन्न स्थानों पर राम भजन गाते हुए प्रभात फेरी भी निकाली गई। भवानी माता मंदिर परिसर में अयोध्या के श्रीराम मंदिर पर केंद्रित आकर्षक रंगोली भी बनाई गई। इस अवसर पर पटाखों की दुकानें एवं दीपक की दुकानें भी लगाई गई। इसी क्रम में पंधाना नगर भी आज रामलला मय हो गया। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने पर पूरे नगर को अयोध्या जैसा सजाया गया। मंदिरों में सुन्दरकांड पाठ, आरती, हर घर के आंगनों में रंगोली बनाई गई। प्रसादी का भी वितरण किया। साथ ही आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की।

## सभी को पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने शुरू की है संकल्प यात्रा : राज्यपाल

**हरदा।** पहले सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। निरक्षर ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिये बहुत परेशान होते थे। उनकी इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारम्भ की है।

इस यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता अनुसार योजना का लाभ दिलाना है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रविवार को टिमरनी तहसील के ग्राम बड़वानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस अवसर पर लगभग एक दर्जन ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ वितरण किया।




राज्यपाल ने इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी के स्टाल पर जाकर अधिकारियों से विभागीय जानकारी के संबंध में पूछताछ की। सांसद दुर्गादास उइके, टिमरनी विधायक अभिजीत शाह, हरदा विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष रजनी कलम, कलेक्टर ऋषि गर्ग व पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इससे पूर्व राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किया। बड़वानी में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल पटेल ने पौधरोपण किया।

नर्मदा भक्तों को समर्पित, नाले के पानी से परिक्रमावासी होते थे परेशान

## बड़वाह में छह माह पहले लिया संकल्प, जनसहयोग से लोगों ने परिक्रमा पथ पर बनवाया पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले के बड़वाह में नर्मदा परिक्रमा पथ की दुर्दशा और परिक्रमा यात्रियों को होने वाली परेशानी व चोटो को देखकर स्थानीय क्षेत्रवासियों ने नपा के जनप्रतिनिधियों को गुहार लगाई।जब सुनवाई नहीं हुई तो धर्मप्रेमी नागरिकों ने स्वयं मिलकर जनभागीदारी से 6 माह के भीतर ही पुल निर्माण करवाकर मार्ग की कायापलट दी। अब वो दिन निकट है जब इस मार्ग से परिक्रमावासी डर के बजाय निश्चिंतता के साथ मात नर्मदे हर के जयकारे लगाते हुए पुल से होकर गुजरेंगे।

वार्ड 18 में गवली मोहल्ले के निकट नदी से पड़ाली नदी पर करीब 70 फीट लंबे व पांच फीट चौड़े पुल का निर्माण कियां जा रहा था।अयोध्या में राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के दिवस सोमवार को पुल का लोकार्पण हुआ है।इस पुल के प्रेरणास्त्रोत रहे गोपाल मंदिर नागेश्वर के गादीपति संत महंत हनुमानदास जी महाराज द्वारा किया गया।शुभ मुहूर्त में किए गए इस लोकार्पण पर महंत हनुमानदस जी ने बेहद हर्ष जताया।भूमि पूजन के दौरान कार्य का पूजन कर स्लैब डालना शुरू किया गया।पुल पर स्लैब डालने का कार्य दिनभर में समाप्त हो जाएगा।22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राणपतिष्ठा समारोह के साथ ही इस पुल का लोकार्पण भी महंत हनुमान दास जी महाराज द्वारा किया जा रहा है।इस पुल निर्माण के दौरान उन्होंने कहा की यह सौभाग्य की बात है की अयोध्या में राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के दिवस ही इसका उदघाटन होने पर इस पुलिया का नाम रामसेतु रखा गया है।अब परिक्रमावासियों को इस नाले में ततब्दील हो चुकी पढ़ाली नदी से निकलने में किसी तरह की कोई परेशानी नही आएगी।इस पूरे कार्य के प्रेरणा स्त्रोत गोपाल मंदिर के संत श्री हनुमान दास रहे। इस दौरान विधायक सचिन बिरला,नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महामंत्री महिम ठाकुर,सुरेंद्र पंड्या, जितेंद्र अत्रे , सुनील कुमार नरिया, श्रीराम सिनोदिया, शैलेंद्र शर्मा, कमल सिंह तवर एवं समस्त गोपाल गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।





### भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**रहटगांव।** खेड़ी मोहल्ले में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से पंडित अभिषेक शर्मा द्वारा पूजा अर्चना कर एवं महा प्रसादी भंडारा कर की गई। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर रहटगांव में मां चंडी की प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा अर्चना पंडित राजेश शर्मा द्वारा विधि विधान से की गई। ग्राम पानतलाई में भगवान राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ की गई। जिनमें बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। ग्रामीणों द्वारा गांव में सजा सिंगर एवं रंगोली बनाई एवं शाम को दीपक जलाकर उत्सव मनाया।

भक्तों ने इस दिन को दीपावली के रूप में मनाया

## मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिरों में हुए कार्यक्रम

**सिराली।** अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ 500 वर्ष का इंतजार खत्म हुआ। राम भक्तों ने इस दिन को दीपावली के रूप में मनाया। पूरे क्षेत्र में मंदिरों को सजाया गया लाइटिंग की गई सुंदरकांड हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। आरती की गई एवं कढ़ाई प्रसादी भंडारों का आयोजन किया गया।

सिराली नगर को भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं संघ के कार्यकर्ताओं के द्वारा तोरण एवं भगवा झंडों से सजाया गया। नगरवासियों द्वारा अपने-अपने घरों को भी सजाया गया माताएं बहनों ने अपने अपने घरों के सामने रंगोली बनाई। दिन के 12 बजने के बाद मंदिरों में शंख और घड़ियाल बजने लगे। आरती की गई एवं प्रसादी बांटी गई। इस अवसर पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। गांधी चौक पर स्थित राम जानकी मंदिर में आरती के पश्चात प्रसादी बांटी गई। संध्या के समय भजनों का आयोजन किया गया। दाना बाबा मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ एवं आरती की गई कढ़ाई की प्रसादी बांटी गई। समिति द्वारा संध्या के समय सुंदरकांड एवं कन्या भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं नगर वासियों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। रात्रि में प्रत्येक घर एवं मंदिरों पर दीपक जलाए गए। नगर के गायत्री शक्तिपीठ सिराली में भगवान ऋण मुक्तेश्वर की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान ऋण मुक्तेश्वर के दर्शन किए एवं प्रसादी ग्रहण की।



### युवती की बिगड़ी तबियत, मौत

**हरदा।** रविवार शाम को मोहल्ले की महिलाओं के साथ खाटू श्याम के मंदिर से दर्शन कर घर लौट रही युवती की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे जब जिला अस्पताल लाया गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर के गढ़ीपुरा मोहल्ले में रहने वाले बृजमोहन दुबे की बेटी प्रज्ञा(26) एमए प्रीवियस की छात्रा थी। रविवार शाम को अपने मोहल्ले की महिलाओं के साथ खाटू श्याम के मंदिर के दर्शन के लिए गई हुई थी। दर्शन करने के बाद जब वह घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उसके बाद परिजनों ने उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम लेकर गए। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पहुंचने पर डॉक्टर्स ने स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतिका तीन भाई बहनों में बिछली बहन थी। फिलहाल मौत के कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही लग पाएगा।

## शहरों में ही नहीं गांव-गांव में भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया

### ग्राम बिजोरा भील में निकली कलश यात्रा, आयोजित हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का यह आयोजन अयोध्या या बड़े शहरों में नहीं गांव-गांव में यह दीपावली महोत्सव भगवान श्रीराम के आगमन पर मनाया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा के समीप ग्राम बिजोरा भील में सोमवार को अक्षत पुजन कलश यात्रा के दौरान पूरे गांव के हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। जय श्री राम के नारों और भगवान राम के गीतों के साथ यह यात्रा निकाली गई।

पूरा गांव भगवा मय हो गया इस दौरान रथ पर राम-सीता और लक्ष्मण सवार थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ महिलाए और पुरुष उनके स्वागत के लिए खड़े रहे साथ ही डीजे की धुन भजनों पर प राम भक्त उत्साह के साथ नृत्य कर रहे थे, पटाखे जलाकर दीपावली मनाई विगत रात्रि हर घर दीप प्रज्वलित करके गलियों को रोशनी से जगमगाया श्रीराम मंदिर को भव्य सजाया गया व भंडारे का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर राम भक्त वरिष्ठ अनोखीलाल पटेल, रमाकांत बडगुजर ,दीपक सोलंकी, महेश शिंदे, किशन सोलंकी, सुरेंन बाई, सुभद्रा बाई, कल्पना बाई, धुरु बाई , गजानंद पटेल ,सोमचंद वासवाल, बलिराम पटेल, नारायण पटेल, कमलेश गुलच्या सहित पूरे गांव के राम भक्त उपस्थित थे।



## रामलला की प्रतिष्ठा के दौरान नगर का माहौल हुआ राममय



**झिरन्या।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर इस कस्बे सहित सम्पूर्ण क्षेत्र का माहौल राममय हो गया। हर कहीं गांवों में गली मोहल्लों की साफ सफाई और सजावट के साथ ही ग्रामीणजन राम भक्ति से सरोबर थे। कई स्थानों पर निकली कलश यात्रा में महिलाओं की मौजूदगी से वातावरण भक्तिमय हो गया। पिछले कई दिनों से सूर्योदय से पूर्व ग्रामीणों की प्रभात फेरी से वातावरण राममय हो रहा था। इसी कड़ी में सोमवार को भी यहाँ प्रातःकाल श्री हरिओम गौशाला से कलश यात्रा शुरू हुई, जिसमें भारी संख्या में महिलायें,बालिकाएं और ग्रामीण शामिल हुए। जिसमें रामलला की झांकी और बेंडबाजों एवं तासों की मधुर भक्तिमय धुनों पर युवक थिरक रहे थे। यह कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्रीराम मंदिर पहुंची थी। वहां मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान्‌ के दर्शन किये और भंडारे में शामिल हुए। इस दौरान सर्वत्र शांन्ति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में हिन्दू संगठनों और नागरिकों ने भरपूर सहयोग दिया। जबकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्थाएं की गई थीं।

श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

# मंदिरों में भजन कीर्तन, सुंदरकांड व अखंड रामायण पाठ हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सोमवार को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नागरिकों में काफी उत्साह का माहौल था। इस अवसर पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रभात फेरियां आयोजित की गईं। जिले के मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई। इस दौरान मंदिरों में भजन कीर्तन, सुन्दरकाण्ड व अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया। इसके अलावा भगवान श्रीराम के स्वागत में नागरिकों द्वारा अपने घरों के सामने रांगोली भी बनाई गई। इस अवसर पर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में शोभा यात्रा आयोजित की गई। जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान श्रीराम का पूजन व आरती कर प्रसाद वितरण भी किया गया।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गिरिजा शंकर राजपूत ने बताया कि आज का दिन बड़े ही गौरव और हर्ष का है। जिले के रामभक्तों ने ने अपने-अपने घरों को, चौक चौराहों को अयोध्या की तरह सजाया। विहिप द्वारा पूजित अक्षत द्वारा घर-घर आमंत्रण प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान ,दीवार लेखन , भजन कीर्तन आदि विभिन्न माध्यमों से हर घर राम घर-घर राम का द्वारा संदेश दिया गया। सोमवार को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त से ही सभी मंदिरों में घरों में श्री राम रक्षा स्त्रोत ,श्री हनुमान चालीसा, सुंदरकांड महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम ,प्राण प्रतिष्ठा ,यज्ञ हवन कन्या पूजन , भोजन,भजन महा आरती के आयोजन किए गए तथा शाम को भी इस प्रकार के आयोजन करने की योजनाएं हैं।




श्री करुणानिधान मां दुर्गा बजरंग मन्दिर समिती द्वारा शुभ मुहूर्त में श्री राम दरबार प्रतिष्ठित किया गया। श्री गुप्तेश्वर मन्दिर में पूजा अर्चना कर विशाल भंडारा, मेडिकल एसोसियेशन द्वारा शासकीय अस्पताल में स्थित मन्दिर में पूजा अर्चना कर 300 किलो फल वितरण किए एवं सब्जी पूड़ी का वितरण, अनिल बादर द्वारा मानसरोवर होटल पर निशुल्क दाल बाफले का आयोजन किया गया। ग्राम नीमगांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई एवं महाआरती कर भंडारे की आयोजन किया गया। ग्राम डोलरिया, तथा झिरखेड़ा में भव्य शोभायात्रा निकालकर सामूहिक भोजन किया गया। छोटी हरदा, पीलिया खाल, खेडीपुरा, ग्वालनगर, शीतला माता मन्दिर गढ़ीपुरा आदि विभिन स्थानों पर शोभायात्रा निकाली गई। व्यापारी एसोसिएशन द्वारा घंटाघर चौक पर सायं 6:30 बजे भजन, विहिप द्वारा सायं 7:30 बजे तिलक भवन चौराहे पर दीप प्रज्जवलित कर भजन कीर्तन किया गया।



### कांग्रेसियों ने बांटी प्रसादी

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओम पटल ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हम सब सहभागी बने। घंटाघर पर कांग्रेसियों ने सुबह 11:30 बजे पट्टाभिराम मंदिर में राम रक्षा पाठ , हनुमान चालीसा पाठ ,भजन किये। इसके बाद राम स्तुति में शामिल होकर। घंटाघर पर प्रसादी वितरण के कार्यक्रम किया।